# कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा
## ब्लॉक–3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

(फोन – 0771–2636413 फैक्स – 0771–2263412)

*(Email - highereducation.cg@gmail.com Website - www.highereducation.cg.gov.in)*


क्रमांक 1528 /486/आउशि/राज.स्था/2023 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 5/03/2024.

प्रति,

संचालक
जनसंपर्क संचालनालय
इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

विषय :– **छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (सीजीसेट) – 2024 के आयोजन के सबंध में विज्ञापन प्रकाशित करने बाबत्।**

---000---

विषयांतर्गत लेख है कि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) के माध्यम से **छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (सीजीसेट) – 2024** की परीक्षा आयोजित करने के सम्बंध में जारी किये जाने वाले ''संक्षिप्त विज्ञापन'' तथा ''विज्ञापन'' संलगन प्रेषित है।

कृपया ''संक्षिप्त विज्ञापन'' तीन राज्य स्तरीय प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में एवं ''विज्ञापन'' रोजगार एवं नियोजन के आगामी अंक में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

संलग्न :– संक्षिप्त विज्ञापन तथा विज्ञापन की प्रति।

आयुक्त
उच्च शिक्षा संचालनालय
नया रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

# कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा

## ब्लॉक–3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

(फोन – 0771–2636413 फैक्स – 0771–2263412)

*(Email - highereducation.cg@gmail.com Website - www.highereducation.cg.gov.in)*


.................................................................................................................................

## छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (सीजीसेट) – 2024

:: संक्षिप्त विज्ञापन ::

क्रमांक – 1527 / 486 / सीजी सेट–24 / 2024 **नया रायपुर, अटल नगर** दिनांक 05.03.2024

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (नेट ब्यूरो) द्वारा **छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)** को **छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (सीजीसेट) – 2024** हेतु **"राज्य एजेंसी"** के रूप में नियत किया गया है। सेट हेतु पात्र उम्मीद्वारों से ऑनलाइन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, **नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)** के वेबसाइट ***htpps://vyapam.cgstate.gov.in*** एव ***htpps://vyapamaar.cgstate.gov.in*** आमंत्रित किये जाते है।

उक्त पात्रता परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क के संबंध में राज्य शासन से प्राप्त पत्र सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, द्वारा परीक्षा शुल्क माफ किये जाने के संबंध में जारी पत्र क्रमांक–एफ–10–2 / 2022 / एक(1) दिनांक 08 अप्रैल, 2022 के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार की परीक्षा शुल्क नहीं लिया जावेगा। छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर के निवासी प्रतिभागियों को निर्धारित नियत परीक्षा शुल्क देय होगा।

ऑनलाईन आवेदन पत्र भर कर जमा करने की अंतिम 09.06.2024 (दिन–रविवार) है। परीक्षा की तिथि दिनांक 07.07.2024 (दिन–रविवार.) है। सीजी सेट – 2024 के सम्बंध में विस्तृत जानकारी हेतु रोजगार और नियोजन के आगामी अंक तथा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर के वेबसाइट ***vyapam.cgstate.gov.in*** एव ***htpps://vyapamaar.cgstate.gov.in*** पर देखे जा सकते है।

5.3.2024

अपर संचालक
उच्च शिक्षा संचालनालय
नया रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

# कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा

ब्लॉक–3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

(फोन – 0771–2636413 फैक्स – 0771–2263412)

*(Email - highereducation.cg@gmail.com Website - www.highereducation.cg.gov.in)*


## छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) – 2024

:: विज्ञापन ::

क्रमांक 1527 / 486 / सीजी सेट–24 / 2024 **नया रायपुर, अटल नगर** दिनांक 5/03/2024

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (नेट ब्यूरो) द्वारा **छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)** को **छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा सेट** हेतु **"राज्य एजेंसी"** के रूप में नियत किया गया है। सेट हेतु पात्र उम्मीद्वारों से ऑनलाइन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) के वेबसाइट ***vyapam.cgstate.gov.in*** पर आमंत्रित किये जाते है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | – 13.05.2024 (सोमवार) |
| ऑनलाईन आवेदन पत्र भर कर ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि | – 09.06.2024 (रविवार) |
| परीक्षा की संभावित तिथि | – 07.07.2024 (रविवार) |
| समय | – **Paper-I** पूर्वान्ह 10.00 बजे से 11.00 बजे तक<br>– **Paper-II** पूर्वान्ह 11.30 बजे से 1.30 बजे तक |
| परीक्षा केन्द्र :(08 जिला मुख्यालयों में) | – अम्बिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर, रायपुर, दंतेवाड़ा, कांकेर एवं जशपुर। |
| परीक्षा शुल्क | – छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक–एफ–10–2 / 2022 / एक(1) दिनांक 08.04.2022 अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जायेगा।<br>छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर के निवासी प्रतिभागियों को निर्धारित नियम परीक्षा शुल्क रू. 700 / – देय होगा। |

परीक्षा शुल्क का भुगतान बैंक डेबिट कार्ड (ए.टी.एम. कार्ड), क्रेडिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से ही ऑनलाईन किया जावेगा।

1. पात्रता की शर्तें (शैक्षणिक योग्यता) :–

सेट परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए स्नातकोत्तर उपाधि या समकक्ष परीक्षा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम से कम 55 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमिलेयर)/निःशक्तजन के लिए 50 प्रतिशत) अंक के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा **(न्यूनतम 50 प्रतिशत के अंको को राउण्ड आफ नहीं किया जावेगा)**। वे उम्मीद्वार भी परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है जो स्नातकोत्तर या समकक्ष उपाधि की परीक्षा के अंतिम वर्षों में सम्मिलित हो रहे है, परन्तु उन्हे उक्त स्नातकोत्तर या समकक्ष परीक्षा के परिणाम की तिथि से 1 वर्ष के अन्दर न्यूनतम निर्धारित प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना होगा।

नोट :– (i) अंको में छुट एवं आरक्षण संबंधि लाभ केवल छत्तीसगढ़ के लिए अनुसूचित राज्यो के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमिलेयर) तथा निःशक्तजन के अभ्यर्थियों को देय होगा।

(ii) किसी भी विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में यू.जी.सी. द्वारा नेट के संबंध में जारी मार्गदर्शिका में दिये गये प्रावधान मान्य होगा।

(iii) वे अभ्यर्थी जिनके द्वारा भारतीय विश्वविद्यालय/संस्था से स्नातकोत्तर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट प्राप्त किया गया है अथवा विदेशी विश्वविद्यालय/संस्था से डिग्री/डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्राप्त किया गया है, वे स्वयं के हित में ये सुनिश्चित करेंगे कि उनके द्वारा प्राप्त डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों के स्नातकोत्तर उपाधि के समतुल्य है।

2. परीक्षा के विषय :–

(i) प्रश्न पत्र–I सभी परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न पत्र–II विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुशंसित निम्न 19 विषय/विषय समूह में आयोजित की जावेगी।

| स.क. | विषय | स.क. | विषय |
|---|---|---|---|
| 01 | Hindi | 02 | English |
| 03 | Political Science | 04 | Economics |
| 05 | Sociology | 06 | History |
| 07 | Geography | 08 | Physical Sciences |
| 09 | Mathematical Sciences | 10 | Chemical Science |
| 11 | Life Sciences | 12 | Computer Science & Application |
| 13 | Commerce | 14 | Law |
| 15 | Sanskrit | 16 | Psychology |
| 17 | Library & Information Science | 18 | Physical Education |
| 19 | Home Science | | |

3. परीक्षा पद्धति :–

**(i) सेट की परीक्षा में दो प्रश्न पत्र होंगे। सभी प्रश्न पत्र में केवल बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।**

| प्रश्न पत्र | अंक | प्रश्नों की संख्या | समयावधि |
|---|---|---|---|
| I | 100 | 50 प्रश्न – सभी अनिवार्य | 1 Hour (10:00 A.M. to 11:00 A.M.) |
| II | 200 | 100 प्रश्न – सभी अनिवार्य | 2 Hour (11:30 A.M. to 1:30 P.M.) |

**Paper I -** प्रथम पश्न पत्र अनिवार्य है। यह प्रश्न पत्र साधारण प्रकृति का है जिसमें अभ्यर्थियों के पठन–पाठन एवं अनुसंधान की प्रवृत्ति को आकलन के लिए तथा अभ्यर्थियों की तार्किक क्षमता, समझने की योग्यता, विस्तृत एवं विविध सोच, सामान्य जागरूकता आदि के परीक्षा के लिए प्रश्न पूछे जावेंगे। इस प्रश्न पत्र में 50 प्रश्न होंगे; जिसमें से अभ्यर्थी द्वारा सभी 50 प्रश्नों का उत्तर देना अपेक्षित है। प्रत्येक प्रश्न हेतु 02 अंक निर्धारित होंगे।

**Paper II -** इस प्रश्न में अभ्यर्थी द्वारा चयन किये गये विषय को सम्पूर्ण पाठ्यक्रम (पूर्व में निर्धारित प्रश्न पत्र I & II हेतु पाठ्यक्रम, दोनों सम्मिलित) पर आधारित 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे जिसमें प्रत्येक प्रश्न के लिए 02 अंक निर्धारित है। इस प्रश्न पत्र में पाठ्यक्रम वही होगा जो प्रश्न पत्र प्रथम एवं प्रश्न पत्र द्वितीय का पाठ्यक्रम है।

**(ii) परीक्षा परिणाम घोषित करने की प्रकिया एवं मापदण्ड –**

This will comprise of the following :

*"TOP 6% of the appearing candidates who appear in Paper I & Paper II both and secure at least 40% aggregate marks in both the papers taken together for candidates belonging to General Category and at least 35% aggregate marks for candidates belonging to reserved categories, viz. SC, ST, OBC (belonging to Non Creamy Layer) & PWD and Transgender will be declared qualified for eligibility for Assistant Professor by following the reservation policy of the State Government.*

*It may be noted the above qualifying criteria is final and binding."*

(iii) ऐसे निःशक्तजन, जो अपने हाथ से नहीं लिख सकते, को लेखक की सहायता इसी प्रकार से उपलब्ध करायी जा सकती है बशर्ते की उनके द्वारा परीक्षा शहर में कोऑर्डिनेटर के पास कम से कम एक सप्ताह पूर्व में लिखित अनुरोध किया गया हो एवं उन्हे प्रथम प्रश्न पत्र के लिए 20 मिनट तथा द्वितीय प्रश्न पत्र के लिए 40 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा।

4. सेट परीक्षा का आयोजन राज्य के शासकीय तथा अशासकीय (सहायता प्राप्त तथा गैर सहायता प्राप्त) महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल, क्रीड़ा अधिकारी तथा राज्य विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक, सहायक ग्रंथपाल, सहायक संचालक (शारीरिक शिक्षा) की नियुक्ति हेतु पात्रता निर्धारण के लिए है।

5. परीक्षा पाठ्यक्रम, परीक्षा शुल्क भुगतान एवं सेट से सम्बंधित अन्य विस्तृत शर्तें व जानकारी व्यापम के वेबसाइट ***vyapam.cgstate.gov.in*** पर उपलब्ध रहेगा।

6. अंग्रेजी तथा हिन्दी में मुद्रित प्रश्नों मे किसी भी प्रकार का अन्तर पाये जाने पर अंग्रेजी में मुद्रित प्रश्न ही अन्तिम माना जायेगा।

7. सेट हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किये जावेंगे। किसी प्रकार का मेनुअल अथवा डाक द्वारा भेजे गये आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होंगे।

**परीक्षा निर्देश** :– व्यापम द्वारा जारी परीक्षा निर्देश व्यापम की वेबसाइट ***vyapam.cgstate.gov.in*** पर उपलब्ध रहेगा, जिसमें ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप, आवेदन पत्र भरने की विधि, आवेदन पत्र में फोटो, हस्ताक्षर एवं बांऐ अंगूठे का निशान स्केन करने एवं पेस्ट करने की विधि, ऑनलाइन पेमेंट करने की विधि, अभ्यर्थी को प्राप्त रजिस्ट्रेशन आई.डी. नंबर के आधार पर ऑनलाइन एडमिट कार्ड प्राप्त करने की विधि तथा जानकारियाँ उपलब्ध रहेगी।

उक्त विज्ञापन छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) की सहमति से जारी किया जा रहा है। उक्त पात्रता परीक्षा का आयोजन अपरिहार्य कारणों से कभी भी स्थगित अथवा निरस्त किया जा सकता है। इसके लिए कारण बताने की अनिवार्यता नहीं होगी।

**आयुक्त**
उच्च शिक्षा संचालनालय,
नया रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)